दिन–रविवार दिनांक– 18 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भाजपा देश में सबकी पहली पसंद बन गयी है। असम के नागांव में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में भाजपा पर देश का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल में बिहार चुनाव और महाराष्ट्र निगम चुनाव में रिकॉर्ड जनादेश मिला है। उन्होंने प्रकृति और विकास का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार के प्रयास से दोनों साथ–साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अबतक छब्बीस करोड़ से अधिक पेड़ लगाए गये हैं, जिससे देश में वन और वृक्षों का आवरण बढ़ा है।

———————————————————————————

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि लघु उद्यमों के विकास से ही देश की विकास की राह आसान होगी। श्री मांझी ने आज नई दिल्ली में पीएम–विश्वकर्मा हाट का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कारीगरों, शिल्पकारों और अन्य प्रदर्शकों से संवाद भी किया। प्रदर्शनी का आयोजन शिल्पकारों को अपने उत्पादों को बड़े मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इकतीस जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सौ से अधिक कारीगर भाग ले रहे हैं।

———————————————————————————

हज यात्रा के लिए प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि पच्चीस जनवरी तक बढ़ा दी गई है। केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस तिथि के बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। मंत्रालय ने हज यात्रियों से अपनी हज बुकिंग और अन्य दस्तावेज़ों को अंतिम रूप देने का आग्रह किया है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपने वैध पासपोर्ट अपने हज समूह आयोजक के पास या संबंधित कार्यालय में जमा करा दें और नुसुक पोर्टल पर अपना पंजीकरण विवरण दर्ज करें।

———————————————————————————

प्रदेश में दारोगा के एक हजार सात सौ निन्यानवे पदों पर नियुक्ति को लेकर पहले चरण की प्रारंभिक लिखित परीक्षा आज आयोजित की जा रही है। प्रदेशभर में चार सौ अंठानवे केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अनुसार इक्कीस जनवरी परीक्षा का दूसरा चरण का अयोजन होगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह दस से बारह बजे तक शांतिपूर्वक संपन्न हो गयी। इस समय दूसरी पाली की परीक्षा चल रही है, जो साढ़े चार बजे तक चलेगी।

———————————————————————————

सर्द पछुआ हवा का प्रवाह कम होने और धूप खिलने के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड में कमी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में आंशिक वृद्धि दर्ज की गयी है। हालांकि नालंदा के राजगीर, रोहतास के बिक्रमगंज, भागलपुर के सबौर, शेखपुरा, अरवल, जहानाबाद, सीवान, समस्तीपुर और बक्सर में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। राजगीर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकांश भागों के मौसम में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। वहीं, राज्य के उत्तर–पूर्वी, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———————————————————————————

आज मौनी अमावस्या है। इस अवसर पर पटना के गंगा घाट समेत प्रदेश की विभिन्न नदियों और सरोवरों में लोग पवित्र स्नान कर रहे हैं। बक्सर के रामरेखा घाट पर बड़ी संख्या में लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है।

———————————————————————————

अररिया जिले में नेपाल से सटे सीमावर्ती क्षेत्र में औषधि विभाग और उत्पाद विभाग की टीम ने छियालीस दवा दुकानों में छापेमारी की। इस दौरान बिना लाइसेंस के संचालित की जा रही दो दवा दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————————

रोहतास जिले के सासाराम रेलवे स्टेशन पर रेल सुरक्षा पुलिस ने कालका–हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन में छापेमारी कर तीन सौ ग्यारह कछुआ बरामद किया है। बरामद कछुओं को वन विभाग को सौंप दिया गया है।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया स्थित बापू सभागार में एक शाम शहीदों के नाम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सदर अनुमंडल प्रशासन की ओर से किया गया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।